# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा "विकसित भारत यूथ कनेक्ट कार्यक्रम"  का आयोजन

दिनांक 17 जुलाई 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा "विकसित भारत यूथ कनेक्ट कार्यक्रम"  का आयोजन "नशा मुक्त युवा – विकसित भारत" विषय पर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवनशैली अपनाने, सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

